फर्द अहकाम

अज अदालत संभागीय आयुक्त जोधपुर

मांगीलाल व अन्य बनाम राज० सरकार वगैरा

किस्म मुकदमा–रिव्यू प्रार्थना पत्र सं0 **12 / 2024**

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08.04.25	प्रकरण में माननीय राजस्व मण्डल राज0 अजमेर मे दर्ज द्वितीय अपील / एल.आर. / संख्या 438 / 2025 / जोधपुर में पारित निर्णय दिनांक 21.01.2025 द्वारा द्वितीय अपील को ग्राहयता के स्तर पर स्वीकार कर इस न्यायालय की राजस्व अपील सं0 285 / 2024 बअनवान 'मांगीलाल व अन्य बनाम राज0 सरकार वगैरा में पारित निर्णय दिनांक 9.10.24 को निरस्त करते हुए यह निर्देश दिये गये है ''कि प्रत्यर्थीगण संख्या 17 व 19 का नाम तर्क करने या उनके कायम मुकामान को रेकार्ड पर लेकर उन्हें सुनवाई का अवसर प्रदान कर प्रकरण का गुणावगुण पर विधि के प्रावधानों के अनुसार निस्तारण करे''। उक्त कम में मूल अपील में वकील अपीलांट मय वकालतनामे के दिनांक 20.3.25 को पूर्व प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के साथ उपस्थित होकर पत्रावली तलब कर प्रकरण का गुणावगुण पर निस्तारण करने का आग्रह किया गया। जिसमें बाद कर्मी–पूर्ति वकील अपीलांट द्वारा रेस्पो0 के सम्मन फार्म नं0 3 के साथ भरकर पेश किए गये। रेस्पो0सं0 17 व 19 के कायम मुकाम की कार्यवाही अपेक्षित है। अतः रिमाण्ड प्रकरण में मूल पत्रावली नये नम्बर पर दर्ज रजिस्टर करने के फलस्वरूप, उक्त प्रकरण में न्यायालय हाजा के निर्णय दिनांक 09.10.24 के विरूद्ध प्रस्तुत रिव्यू प्रार्थना पत्र संख्या 12 / 2024 का अब कोई औचित्य नही होने से खारिज किया जाता है। उक्त पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। निर्णय आज दिनांक खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया। अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त जोधपुर	